## खबर संक्षेप

### जगदीश स्वामी मंदिर में भंडारा का आयोजन आज

**कटनी।** जगन्नाथ चौक स्थित जगदीश स्वामी मंदिर में आज 12 अप्रैल हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर महाआरती एवं प्रसाद महा भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। श्री जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी ने बताया कि प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी श्री जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा हनुमान जन्म उत्सव पर श्री जगन्नाथ मंदिर जगन्नाथ चौराहे स्थित महाआरती एवं महा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। श्री जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी सभी धर्म प्रेमी जनता से अनुरोध करती है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने अपील की है।

### नेशल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**कटनी।** शनिवार 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं। इस नेशनल लोक अदालत में नालसा के निर्देशानुसार लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना हैं। इसके लिए नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या मे निराकरण हेतु निम्नानुसार कार्यवाही करने संबंधित विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया है। 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित करने के लिए कहा गया है।

### ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 अप्रैल तक कराएं पंजीयन

**कटनी।** उप संचालक कृषि तथा किसान कल्याण विभाग ने जिले के समस्त किसानों से अपील है कि वे अपने तुअर फसल की उत्पाद को बेचने के लिए नजदीकी पंजीयन केंद्र पर ई-उपार्जन पोर्टल पर खरीफ 2025 में तुअर फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रुपये. पर विक्रय हेतु 20 अप्रैल 2025 तक पंजीयन कराकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं। उन्होने बताया कि पंजीयन हेतु किसान तुअर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन केंद्रों गिरदावरी किसान एप कियोस्क कॉमन सर्विस सेंटर लोक सेवा केंद्र पर किसान गिरदावरी एप से पंजीयन करा सकते हैं। किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, मोबाइल नंबर, में किसी प्रकार के परिवर्तन, संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण-पत्र स्वरूप जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया गया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है ऐसे किसानों को समिति स्तर पर पंजीयन हेतु आधार नंबर,, बैंक खाता नंबर,मोबाइल नंबर एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पंजीयन केंद्रों पर उपलब्ध कराना होगा। यदि कोई कृषक निर्धारित अवधि में तुअर फसल का पंजीयन अंतिम तिथि 20 अप्रैल तक नहीं करवाते हैं तो शासन की उपार्जन व अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित रह जायेंगे। किसान अपने तुअर फसल की उत्पाद का पंजीयन करावें।

### छात्रवृत्ति के लिए 30 तक कर सकेंगे आवेदन

**कटनी।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा एमपी टॉस मॉड्यूल अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लंबित एवं 2024-25 के छात्रवृत्ति आवेदन के संबंध में सूचित किया गया है। जिला संयोजक ने समय सीमा में जिले के समस्त शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्यो को आवश्यक कार्यवाही के लिए सूचित करते हुए बताया कि पोर्टल पर प्रवेश व फीस डाटा कार्यवाही शेष होने के कारण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक के नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर आगामी 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है।

### कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी में हुई थी हत्या की वारदात, अपचारी बालक गिरफ्तार

# प्रेम प्रसंग मामले में की गई थी प्रौढ़ की हत्या, कातिल निकला नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनी में एक प्रौढ़ की हत्या के मामले में पुलिस ने कातिल को गिरफ्तार कर लिया है। कातिल नाबालिग निकला। प्रौढ़ हत्या की मुख्य वजह यह सामने आई कि उसने अपनी पुत्र को कातिल के साथ मेल जोल रखने से मना कर रहा था। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला पुलिस ने अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा किया है।

पुलिस के अनुसार 9 अप्रेल को सुबह वेलवेदर स्कूल के पास पुरैनी में एक व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना प्राप्त होने पर कुठला पुलिस मौके पर पहुँची। मृतक की पहचान सिनोद कोल उर्फ लल्लू निवासी पुरैनी के रूप में हुई। सिनोद के सिर व चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे। कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के द्वारा अपनी टीम के साथ संदहियों से पूछताछ की जो पूछताछ के दौरान संदेही अपचारी बालक ने बताया कि इसके घर के पास ही मृतक सिनोद कोल उर्फ लल्लू पहलवान की लड़की पिछले लगभग तीन साल से गर्ल फ्रेंड है। करीब तीन माहिने पहले मृतक ने अपनी लड़की के साथ इसे देख लिया था और इसके साथ मारपीट की थी और उसके बाद से ही मृतक अपनी लड़की को डाँटता फटकारता और मिलने से रोकता था। मृतक की पुत्री ने सारी बात अपचारी बालक को बताई। 8 अप्रैल को खेरमाता जवारा जुलूस के दौरान मृतक की पुत्री अपचारी बालक से मिली जिसके बाद अपचारी बालक लल्लू को जवारा जुलूस से दारू पिलाने के बहाने वेल वेदर स्कूल के पास ले गया जहाँ पर मृतक लल्लू को दारू न मिलने पर गाली गलौच कर लपटा लपटाई करने लगा और ये दोनो एक दूसरे को मारने लगे जिनके मध्य संघर्ष हुआ जिसमें मृतक लल्लू कोल द्वारा अपचारी बालक के दाहिने हाथ की कलाई एवं अंगुली में दाँत से काँट दिया तब बाल अपचारी ने लल्लू को पत्थरों से बार बार सिर व चेहरे में मारकर उसका चेहरा कुचल कर हत्या कर दिया और अपने घर भाग गया।

वारदात के बाद अपचारी बालक ने शरीर एं कपड़ों पर लगे खून व मिट्टी को साफ किया। पैंट एवं शर्ट को राजकुमार कोल के खेत में फेंककर वहाँ से चला गया। बाद में अपचारी बालक द्वारा पैंट एवं खेत में फेंकी गई शर्ट को जलाने का प्रयास किया लेकिन गीले होने से कपड़े नही जले तो गड्ढे में डालकर छिपा दिया। जिसे अपचारी की निशादेही पर पुलिस ने जप्त कर लिया है अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। घटनास्थल सुनसान क्षेत्र होने व आसपास के CCTV कैमरों से कोई सुराग न मिलने तथा मृतक द्वारा मोबाइल फोन का उपयोग न करने के कारण यह अंधा हत्याकाण्ड पुलिस के लिए चुनौती था। पुलिस ने 48 घण्टे के अन्दर सुलझा लिया है।

कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनोद सिंह, के के सिंह, सौरभसोनी, मेघा मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, श्याम नारायण सिंह, रवि शुक्ला, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, सुनील पाण्डेय, राहुल मिश्रा, राहुल सिंह, भगवत चौधरी, सविता तिवारीn आरक्षक सतेन्द्र सिंह, बालकृष्ण तिवारी, हर्षल मिश्रा, अजय पाठक, दुर्गेश सिंह, विजय प्रजापति, शिशिर पाण्डेय एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को नगदराशि से पुरुस्कृत किया जावेगा।



# नरवाई जलाने पर फिर सातवीं एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

फसल अवशेष नरवाई जलाने की जिले में सातवीं एफआईआर गुरुवार को पुलिस थाना स्लीमनाबाद में दर्ज कराई गई है। इस प्रकार जिले में अब तक 9 लोगों के विरूद्ध जिले के अलग-अलग पुलिस थाना क्षेत्रों में नरवाई जलाने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है।

### आदेश का उल्लंघन

स्लीमनाबाद के ग्राम हरदुआ के कोटवार सुखदेव बसोर ने स्लीमनाबाद पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। कोटवार ने पुलिस थाना में पंचनामा और पटवारी का मौका मुआयना प्रतिवेदन ग्राम हरदुआ स्थित भूमि खसरा नंबर 92/1, 92/2, 92/3, 92/4 रकवा कमशः 1.80, 1.10, 0.05, 0.50 हेक्टेयर भूमि का प्रस्तुत किया। उल्लेखित खसरा नंबर की भूमि के स्वामी विजय मार्बल प्रा.लि.कटनी के डायरेक्टर विजय मित्तल पिता सीआर मित्तल निवासी कटनी है। उल्लेखित खसरा नंबर की भूमि पर हल्का पटवारी के द्वारा मौका जांच उपरांत इस खसरा नंबर के सम्पूर्ण भूमि पर गेहूं की नरवाई में आग लगी पाई गई है।साथ ही कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा फसल अवशेष नरवाई संबंधी जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन किया जाना पाया गया।इस पर स्लीमनाबाद पुलिस थाना में विजय मित्तल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

### रंगनाथनगर थाना अंतर्गत लखेरा क्षेत्र में मिली युवक की लाश

# लखेरा क्षेत्र में युवक की खून से सनी लाश मिली, हत्या या हादसा, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत लखेरा क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक युवक का खून से सनी लाश मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर रंगनाथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल को सील कर दिया गया। थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि शव साउथ स्टेशन से थोड़ी दूरी पर लखेरा क्षेत्र में मिला है। प्रारंभिक जांच में शव के पास खून के निशान पाए गए हैं, जिससे किसी गंभीर वारदात की आशंका जताई जा रही है। मौके पर डॉग स्क्वॉड की टीम को बुलाया गया, जिसने जांच के दौरान रेलवे ट्रैक के पास जाकर इशारा किया।

पुलिस का कहना है कि ट्रैक के पास भी खून के कुछ निशान मिले हैं, जिससे अंदेशा है कि वारदात कहीं और अंजाम दी गई हो और शव को खींचकर लखेरा क्षेत्र तक लाया गया हो सकता है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी का कहना है कि प्रथम दृष्टया जो भी तात्कालिक जांच हो सकती थी, वह की गई है। आगे की स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।पुलिस द्वारा क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के समय आसपास किसी संदिग्ध की गतिविधियों का पता लगाया जा सके।

पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। शव की स्थिति और घटनास्थल की बनावट को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस का कहना है कि अंतिम पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही की जा सकेगी। पुलिस द्वारा आशंका यह भी जताई जा रही है कि हो सकता है युवक किसी ट्रेन से टकरा गया हो और घायल अवस्था में घिसटते हुए वह मदद के लिए जा रहा हो और इस दौरान उसकी मौत हो गई हो। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

## धार्मिक स्थल के पास से शराब दुकान हटाने सौंपा ज्ञापन



सिलौंडी में देशी शराब की दुकान शिव मंदिर के पास खोले जाने के कारण ग्रामीणों एवं महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। है मंदिर के बाजू में देशी शराब दुकान होने के कारण भक्तों को आने जाने में असहजता महसूत होती है। दुकान के बाहर नशेड़ियों की जमघट बनी रहती है। जनपद पंचायत सदस्य माधुरी अवस्थी, रवि अवस्थी ,जगदीश चक्रवर्ती, संतोष चक्रवती , मंगूलाल ने बताया कि देशी शराब दुकान के शराबी दारू की बोतल , डिसोजल मंदिर के बाहर फेकते है ।गंदी शब्दों का उपयोग करते है जिससे महिलाओ और बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है ।ग्रामीणों ने नायब दिनेश आसठी को ज्ञापन देकर देशी शराब को गांव के 1 किलोमीटर दूर खोलने की मांग की है ।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य रजनीश कुशवाहा ने महाविद्यालय में अध्ययन और वार्षिक गतिविधियों एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना से अतिथियों को अवगत कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य, पारंपरिक सामूहिक नृत्य,गीत सहित अन्य मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम के दौरान बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए निरंतर प्रगति करने कहा।भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने छात्र-छात्राओं को विषम परिस्थितियों में भी अध्ययन करते हुए अपने गांव, शहर को गौरवान्वित करने कहा। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ते चलें।

### शील्ड व प्रशस्ति पत्र दिया

महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र धनराज सिंह के अग्निवीर में चयन होने पर अतिथियों द्वारा शील्ड और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। महाविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों,युवा महोत्सव एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों और संभाग स्तरीय पिट्टू एवं खो-खो खेल प्रतियोगिता में कटनी जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा शालिनी बर्मन,राधा लोधी,सरिता बर्मन को भी प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### प्राकृतिक जल स्त्रोतों की गहरीकरण एवं सफाई का कार्य जारी

# ग्रामीणों को किया जागरूक, जलस्त्रोतों को स्वच्छ रखें ताकि वह उपयोगी बनें रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए प्राकृतिक जल स्त्रोतों के रखरखाव व संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान को जन अभियान बनाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी द्वारा विगत 30 मार्च से लगातार जन जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की जा रहीं है। इन गतिविधयों में प्रस्फुटन समितियों ,नवांकुर संस्थाओं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से जन जागरूकता अभियान के तहत दीवार लेखन, चौपाल, रैली, संगोष्ठी के साथ-साथ प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं अन्य जल स्त्रोतों कुंआ बावड़ी, तालाब, हैंडपंप आदि की साफ सफाई और गहरीकरण जैसे गतिविधियां जन भागीदारी और श्रमदान से आयोजित की जा रही हैं।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की परामर्शदाता श्रीमती संयोगिता मिश्रा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के सहयोग से विकासखंड कटनी के ग्राम इमलिया में जन जागरूकता रैली निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान हनुमान मंदिर के पीछे एकमात्र स्थानीय तालाब में श्रमदान के कर घाट की साफ सफाई की जाकर ग्रामवासियों को तालाब में किसी प्रकार का कचरा हुआ गंदगी ना फेंकने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे हमारे जल स्त्रोत पूर्व की भांति संरक्षित रह सकें और समाज जन समुदाय उनका आवश्यकता अनुसार व्यवस्थित उपयोग कर सके। इस आयोजन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र, परामर्शदाता श्रीमती संयोगिता मिश्र, नवीन कोरी, माया प्रजापति, राम जी मिश्रा, सहित ग्रामीणों की भी सहभागिता रही।

### 6 दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का आज होगा समापन

# रियायती दरों पर पुस्तक, कॉपी और यूनिफार्म खरीदने रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




स्कूली बच्चों और अभिभावकों को रियायती दरों पर पुस्तक, कॉपी एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने सुभाष चौक स्थित साधुराम स्कूल परिसर में छः दिवसीय पुस्तक और गणवेश मेला चल रहा है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की पहल पर आयोजित यहां के पुस्तक और गणवेश मेला को मिल रही अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए प्रदेश के अन्य जिलों में भी कटनी जिले की तर्ज पर पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है।

यहां पुस्तक मेला में वाजिब कीमत पर मिल रही पुस्तकों और बड़ी छूट के साथ मिल रही कापियों, गणवेश एवं स्कूल उपयोगी स्टेशनरी खरीददार अभिभावकों व पालकों, छात्र -छात्राओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। इस पुस्तक मेला का समापन शनिवार 12अप्रैल को होगा। मेला प्रतिदिन दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक आयोजित हो रहा है। पुस्तक मेला में अपने बच्चे नाजिया और शादाब के लिए पुस्तक, कॉपियां एवं यूनिफॉर्म खरीदने अपने परिवार के साथ पहुंचे अक़बर ने बताया कि बाजार में खरीदी करते समय अनेकों दुकानों में भटकना पड़ता था और उसके बाद भी बड़ी मुश्किल से उचित रेट पर सामग्री प्राप्त हो पाती थी। बाजार में दर-ब-दर भटकने के कारण छोटे-छोटे बच्चे भी परेशान हो जाते थे और खरीददारी में कठिनाई होती थी। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पुस्तक मेला में एक ही स्थान पर रियायती दरों पर सभी शैक्षिक सामग्रियों की खरीदी बड़े आराम से हो जाती हैं। वहीं द्वारिका सिटी कालोनी निवासी दामिनी अग्रवाल बतातीं है कि उन्होंने अपने बच्चे के लिए एलकेजी और चौथी कक्षा की पुस्तकें और स्कूल बैग खरीदे हैं।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की पहल पर आयोजित पुस्तक मेला में नवाचार के तौर पर लगाया गया शिक्षा विभाग का बुक बैंक स्टॉल लगातार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। साथ ही पुस्तक मेला स्थल में विभिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी जनाकर्षण का केंद्र रहा। शुक्रवार की शाम को शासकीय एक्सीलेंस स्कूल माधवनगर और ब्रेन शेपर्स प्राइवेट स्कूल के छात्रों की प्रस्तुतियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# शासन के निर्देशों का पालन कराने निजी स्कूलों की जांच करने पहुंचा गठित दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को पुस्तकों और फीस के संबंध में प्राइवेट स्कूलों से संबंधित मिलीं शिकायतों के बाद जिला प्रशासन द्वारा सख़्त रुख़ अपनाया गया है। निजी स्कूलों की जांच के लिए कलेक्टर ने 4 सदस्यीय जांच दल गठित किया है, जो शुक्रवार को भी दो निजी स्कूलों में पहुंचा।

इस दल ने प्राइवेट विद्यालय नेचर्स स्कूल और डीएवी कैलोरीज स्कूल का औचक निरीक्षण किया।

जांच दल में शामिल तहसीलदार दिलीप तिवारी,बी ई ओ तनुश्री जैन, सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि और शिक्षा प्रभारी विवेक दुबे ने प्राइवेट स्कूलों में पहुंच कर पुस्तक, गणवेश और विद्यार्थियों से ली जाने वाली फीस का पोर्टल में अपलोड की गई जानकारी से सत्यापन किया। जांच दल ने विद्यार्थियों से भी रुबरु चर्चा कर जानकारी का सत्यापन किया गया। रिकॉर्ड देखे गए, बच्चों के बैग से भी उपलब्ध जानकारी का सत्यापन किया गया।

साथ ही विद्यालय द्वारा संचालित पुस्तकों, फीस स्ट्रक्चर, गणवेश आदि का सूचना पटल पर चस्पा होना एवं उसका भी सत्यापन किया गया। जांच दल द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों एवं पालको से भी चर्चा कर जानकारी का सत्यापन किया।

## खबर संक्षेप

### ई-केवाईसी सबंधी बैठक सम्पन्न

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर दिए गए निर्देशों के क्रम में नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी सबंधी बैठक एएसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम की अध्यक्षता में हटा और पटेरा तहसील में आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी करने सबंधितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा दल गाँव-गाँव जा कर ई-केवायसी का कार्य करेगा, सभी अपनी ई-केवायसी करवा लें ताकि आपको राशन मिलने में असुविधा का सामना ना करना पड़े। बैठक में सीईओ जनपद और कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी मौजूद रहे।

### 15 अप्रैल को आयुष्मान आरोग्य शिविर

दमोह। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) के 7 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर जनसमुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाये जाने के उद्देश्य से 15 अप्रैल 2025 को क्रियाशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किये जायेंगें। शिविर में आये समस्त हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण, जांचें-उपचार एवं आवश्यक दवाईयां भी निःशुल्क प्रदाय की जायेगी। स्वास्थ्य संवर्धन के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित पोषण आहार, एनीमिया, मानसिक स्वास्थ्य, मौसमी बीमारियों विशेषकर लू व अधिक तापामन में होने वाली परेशानियों से बचाव एवं देखभाल पर जागरूक किया जायेगा। शिविर में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा ग्राम की गर्भवती महिलाओं चिन्हित एन.सी.डी. हितग्राही एवं बच्चों को मोबिलाईज किया जायेगा। डॉ. जैन ने बताया कि आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर दौरान गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के हितग्राहियों की ब्लड प्रेशर, डायबिटीज की स्क्रीनिंग कर उन्हे पंजीकृत किया जायेगा। ब्लडप्रेशर, डायबिटीज के चिन्हित हितग्राहियों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जायेगा। टी.बी. के लक्षणों की जांच की जायेगी।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

दमोह। ग्राम सदगुआ में विश्व होमियोपैथी दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर सदगुआं में होमियोपैथी के जनक डॉ सैमुएल हेनीमन का 270 वा जन्म जयंती समारोह मनाया गया। साथ ही निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में होम्यो चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश पटेल ने ग्रामिणजनों को होमियोपैथी से संबंधित जानकारियां दी। शिविर में कल्पना ठाकुर, केदार पटेल, सुदामा पटेल, डॉ पुष्पेंद्र त्रिपाठी, सहनाज बेगम, कस्तूरचंद वाल्मीकि, प्रियंका पटेल, जवाहर पटेल, अजय अहिरवार सहित अन्य वरिष्ठ ग्रामिणजनो की उपस्थिति रही।

ग्रामीणों ने की थी मांग, प्रशासन के अधिकारियों ने ग्राम पहुंचकर लोगो से की चर्चा

# नन्ही देवरी में एक किमी लंबी लाइन बिछाकर ग्रामवासियों को पम्प से दिया जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खमरिया कला में शामिल आदिवासी टोला नन्ही देवरी के ग्रामवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणो ने परेशान होकर एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या का हल नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। साथ ही सम्पूर्ण मामला हमारे संवाददाता ने दिनॉक 9 अप्रैल को बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे नन्ही देवरी के ग्रामवासी शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी। जिसे संज्ञान में लेकर प्रशासन के अधिकारी जिनमें एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार, विवेक व्यास, जनपद सीईओ मनीष बागरी के अलावा पीएचई एसडीओ अशोक मुकातिया एवं जल निगम के जनरल मैनीजर गौरव सराब अपनी टीम के साथ शुक्रवार को नन्ही देवरी ग्राम पहुंचे जहां पर ग्राम के लोगो के साथ पीने के पानी की समस्या को लेकर चर्चा की गई। सम्पूर्ण ग्राम ड्राई क्षेत्र होने के कारण पीएचई विभाग एवं जल निगम के जनरल मैनीजर ने पानी की व्यवस्था करने के लिए अपने हाथ खडे. कर दिए। साथ ही कहां कि यहां पर पानी की व्यवस्था करना संभव नहीं है जिसके बाद जनपद सीईओ मनीष बागरी ने लगभग एक किलोमीटर दूर दूसरे ग्राम देवरी निजाम से पाइपलाइन बिछाकर नन्ही देवरी ग्राम के लोगो को पानी दिए जाने के लिए सुझाव रखा गया। ज्ञात हो कि ग्राम नन्ही देवरी के लोग पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे है। ग्राम के सभी हैंडपंप सिर्फ हवा दे रहे है। वर्तमान में लगभग दो किलोमीटर दूर एक कुआ से पानी लाकर अपने प्यास बुझाते है। जिसका पानी भी समाप्त होने बाला है।

जनपद सीईओ मनीष बागरी ने कहां कि नन्ही देवरी ग्राम तक पंचायत के माध्यम से देवरी निजाम से पाइपलाइन बिछाकर पानी लाया जाएगां। जिस में लगभग तीन से चार दिन लगेगें। इसके बाद ही पानी की समस्या का निराकरण होगा। नन्ही देवरी सम्पूर्ण ग्राम ड्राई क्षेत्र है। वहा पर पानी का कोई भी श्रोत नहीं है। जिस कारण पाइपलाइन बिछाकर पानी की व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिए ग्रामवासी भी पाईप लाईन विछाने के लिए जमीन की खुदाई करने के लिए भी सहयोग करने के लिए कह रहे है।

## सामुदायिक भवन बनने से निश्चित रूप से गांव के लोगों को लाभ मिलेगा- राज्यमंत्री

**तेंदूखेड़ा।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समनापुर एवं पिड़रई में 25-25 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने किया साथ ही कहां कि पहले समुदायिक भवन 5 लाख 10 लाख के बनते थे, लेकिन अब छोटा समुदायिक भवन नहीं बनाएंगे, 25 लाख का बड़ा समुदायिक भवन बनाएंगे और उसमें इतना बड़ा एक हाल रहेगा, जिसमें ढाई से 300 लोग बैठ पाएंगे। दो तीन कमरे भी रहेंगे, लेट, बाथरूम अटैच रहेगा और उसमें किचन भी रहेगा, यह सामुदायिक भवन का लाभ गांव के सारे लोग ले पाएंगे। दो 3 दिन के अंदर काम शुरू होगा। सामुदायिक भवन बनने से निश्चित रूप से गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा सतधरू से जैसे हर गांव में पीने का पानी आ रहा है, वैसे ही किसान की सिंचाई के लिए किसान के खेत में पाइप लाइन के द्वारा पानी पहुंचेगा। जब किसान समृद्ध होंगे, कई फसलें लेंगे तो निश्चित रूप से प्रदेश में समृद्धि बढ़ेगी। किसानों को 3 से 4 फसलों का पानी मिलेगा। केन-वेतबा नदी को व्यारमा नदी से जोड़ा जा रहा है। घटेरा के आगे एक बड़ा बांध बनेगा जिससे किसान के लिये सिंचाई के लिये पानी पहुचाया जायेगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी कहते हैं किसान भाई अपनी जमीन नहीं बेचें आने वाला समय किसानों का है। उन्होंने कहा बांध बनने से कोई गांव नहीं डूबेगा। कुछ लोग तो इस प्रकार की

## जिला स्तरीय कामकाजी बैठक संपन्न

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला दमोह की आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई।जिला मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन ने बताया बैठक का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, युवा मोर्चा प्रभारी एवं भाजपा जिला महामंत्री सतीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, जिला महामंत्री कार्तिक शैलार, जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, शैलेश पटेल, प्रिंसदीप खटीक, जिला मंत्री सीमांत चौरसिया, शिवांक असाटी, सोनू मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन, मंचासीन रहे। बैठक को संबोधित करते हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतर्गत संगठन के सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों ने एक ही कश्ती में सवार होकर सदस्यता अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। इसके बाद आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम में भी सभी ने मिलकर कार्य किया। युवा मोर्चा संगठन का एक महत्वपूर्ण भाग है क्योंकि युवा मोर्चा ही वह कड़ी है जिसके माध्यम से देश के भविष्य युवाओं को संगठन से



जोड़ने का कार्य किया जाता है। जैसा कि पूर्व वक्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका की बात कही है और मुझे विश्वास है कि युवा मोर्चा अपने इस दायित्व को पूर्ण रूप से निभाएगा। भाजपा जिला महामंत्री एवं युवा मोर्चा के जिला प्रभारी सतीश तिवारी ने कहा कि भाजपा स्थापना दिवस से लेकर डॉक्टर अंबेडकर जयंती तक संगठन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी अपनी सहभागिता निभा रहे है। ुवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन* ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नेतृत्व के द्वारा युवा मोर्चा पर विश्वास जताते हुए महत्वपूर्ण दायित्व सौंपें है और कहा भी जाता है की युवा मोर्चा भाजपा संगठन के झंडे का डंडा है जिससे वह सदैव लहराता रहता है। वरिष्ठ नेताओं ने हम सभी को आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी और कार्यक्रमों को किस तरह क्रियान्वित करना है यह भी बताया है। युवा मोर्चा के सभी साथी कार्यकर्ताओं से कहना चाहूंगा कि हम अपने वरिष्ठ नेतृत्व के विश्वास को धरातल पर कार्य करके सफल बनाएंगे। बैठक का संचालन कार्तिक शैलार एवं आभार दीपक मिश्रा ने प्रकट किया। बैठक में अनुराग नेमा, ललित गुप्ता, राकेश लोधी, अखिलेश चौबे, विधान पारासर, शिवेंद्र तिवारी, आलोक चौबे, गौरव चौरहा, युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, जिले के सभी मंडलों के अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## उत्साहपूर्वक मनाएंगे आज मारुति नंदन का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा


विशाल शक्ति, लेकिन बातों में विनम्रता मानवता के प्रति सेवा भाव और मंजिल पाने के लिए निरंतर कोशिश करते रहना कुछ ऐसे ही जीवन के मंत्र युवाओं ने प्रभु श्री हनुमान से सीखे है। युवा इन मंत्रों को जिंदगी में शामिल कर न सिर्फ मंजिल तक पहुंच रहे है, बल्कि जीवन को सही राह भी मिल रही है। आज 12 अप्रैल को श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव है यूथ का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी वह अपने आदर्श प्रभु श्री मारूतिनंदन का जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक सेलिब्रेट करेंगे। पर्व सेलिब्रेशन करने के लिए तैयारियां कर ली है। हनुमानजी के रंग में रंगने ऑरेंज रंग के ट्रेडिशनल परिधान पहनेंगे न सिर्फ ब्वॉयज बल्कि गल्स ने भी ऑरेंज सलवार सूट पहनने की प्रिपरेशन की है। घर में सुंदर काण्ड पाठ करके सेलिब्रेशन करेंगे। भक्ति गीत और भजन प्रोग्राम होंगे। सेवाभाव को लेकर जरुरतमंदों को जरूरत की सामग्री भेंट की जाएगी।



आकाश साहू कहते हैं कि शक्तिशाली होने के साथ ही बुद्धिमान और स्वभाव से विनम्र होना भी जरूरी है। प्रभु से मिली सीख मुझे बहुत जगह काम आती है। जिस जगह प्रेम और शांति पूर्वक बात करके मामले को सुलझाया जा सकता है, वहां विवाद करना गलत है। - **आकाश साहू**



प्रिया सेन कहती है कि वर्तमान की जरूरत मानवता और सेवा भाव है एक समय कोरोना काल में लोगों का सेवाभाव देखने मिला है हनुमान जी से मैंने यही सीख ली है कि निःस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। मारुति नंदन के जन्मोत्सव पर जरुरतमंद लोगों के काम आ सकूं यही कोशिश रहेगी। - **प्रिया सेन**



नीरज चौबे कहते हैं कि समुद्र को देखकर हनुमान जी कुछ पल के लिए निराश हो गए थे, लेकिन जब उन्हें अपनी शाक्तियों का ज्ञात हुआ तो उन्होंने चुनौती से भरे समुद्र को पार कर लिया इससे यही सीख मिलती है कि हार मानने से पहले एक कोशिश जरूर करना चाहिए। - **नीरज चौबे**



प्रिंसी नामदेव कहती है कि हनुमान ने अपने प्रभु श्रीराम के हर काम को जब तक पूर्ण नहीं कर लिया तब तक एक पल के लिए भी आराम नहीं किया फिर चाहे एक रात्रि में संजीवनी बूटी लानी हो या फिर माता सीता को खोजने लंका तक जाना हो जो हमे मोटिवेट करता है।
**प्रिंसी नामदेव**



राहुल लोधी ठाकुर कहते है कि हनुमान जी मेरे आदर्श है। मैं उनका भक्त हूं प्रभु के जीवन से कई प्रेरणा मिली है मेरे प्रभु हर कार्य में कुशल और निपुण थे। हर जगह श्रीराम जी की सहायता की। यह कार्य उन्होंने कुशलता व बुद्धि के साथ किया। मेरी कोशिश है कि जो भी कार्य मिले में उसे बहुत अच्छे से पूरा करूं।
**राहुल लोधी ठाकुर**



गुड़िया ठाकुर कहती है कि हनुमान जी हम सब की प्रेरणा है विषम परिस्थितियों में भी डटे रहकर कैसे हमें आगे बढ़ना है यह सीख हमें उनसे मिलती है हनुमान जी सिखाते हैं कि लक्ष्य हासिल करने के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। वानर सेना का नेतृत्व हो या संजीवनी लाना हर बात प्रेरणादायी है।
**गुड़िया ठाकुर तेन्दूखेड़ा**



दीपक विश्वकर्मा कहते हैं कि मैं हनुमान जी का भक्त हूं प्रभु की भक्ति से मनोबल बढ़ता है जब भी मन द्रुविधा में होता है तो प्रभु को याद करता हूं और मेरी हर समस्या का समाधान मिल जाता है। प्रभु से कई प्रेरणा मिली है। यदि यूथ ने हनुमान जी को अपना आदर्श रोल मॉडल बना लिया तो लाइफ संवर जाएगी।
**दीपक विश्वकर्मा तेन्दूखेड़ा**



अनुप्रिया रजक कहती है कि हनुमान जी मेरे आदर्श हैं उनसे मैंने सीखा है कि यदि हमारा लक्ष्य निश्चित होगा तो समय और ऊर्जा का सद्रुपयोग कर पाएंगे। जैसे हनुमानजी ने लंका यात्रा के दौरान कई तरह की बाधाओं का सामना किया था लेकिन लक्ष्य निश्चित था और बाधाओं को पार करते हुए हासिल किया।
**अनुप्रिया रजक**

## सदगुवां सेक्टर में दीवार लेखन कर ग्रामीणों को दिलाया जा रहा जल संरक्षण का संकल्प

**पथरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर म. प्र. जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति सेक्टर सदगुवां विकासखंड पथरिया द्वारा संपूर्ण सेक्टर में दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण और संवर्धन हेतु ग्रामीण जनों को जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में आज ही ग्राम भौंरासा ,खोजाखेड़ी, सदगुवां एवं देवरान सहित अन्य ग्रामों में दीवार लेखन का कार्य कराया गया है । इस दौरान संस्था अध्यक्ष एवं जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल का कहना है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हम हर प्रकार से इस अभियान को सफल बनाने का प्रयास कर रहे हैं आज दीवार लेखन करके ग्रामीणजनों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया है मेरा जिले वासियों से आग्रह है कि अपने आस पास के प्राचीन कुआं तालाब ओर बावड़ियों को आप भी संरक्षित जरूर करें क्योंकि हमारे बुजुर्गों ने जो हमें यह जीवन जीने की प्राचीन धरोहर दी है यदि हमने उन्हें संरक्षित कर लिया तो निश्चित रूप से हमारे आने वाली पीढ़ियों को उसका लाभ मिलेगा । ग्राम पंचायत सरपंच भारत पटेल ने कहा कि हमें प्रसन्नता होती है कि हमारे ग्राम के युवा अपने ग्राम विकास में ईमानदारी से योगदान दे रहे हैं हम सभी को मिलकर यदि ग्राम को स्वच्छ सुंदर और व्यवस्थित बनाना है तो प्रत्येक विषय पर कार्य करना आवश्यक है शासन के निर्देश पर चल रहे गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी अभियानों में संस्था को ग्राम पंचायत का भरपूर सहयोग रहेगा ।

## अजब धाम में गायिका संजो बघेल ने मातारानी के भजनों से बांधा समां




**हटा।** हटा क्षेत्र की पावन धरा जै जै सरकार की तपोभूमि अजब धाम में सरकार जी के जन्मोत्सव एवं मां त्रिपुरसुंदरी श्री एकादश लक्षार्चन की समापन बेला में गुरुवार की रात्रि भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें महाकौशल अंचल जबलपुर की सुप्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल द्वारा मातारानी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर मनोहारी समा बांधा गया। यह कार्यक्रम देर रात तक चला और श्रोता गण मातारानी के भजनों पर झूमते रहे। भजन संध्या की शुरुआत छोटे सरकार द्वारा भगवान रामकोमार जी सरकार व मैया त्रिपुर सुंदरी का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत कलाकारों को माता रानी की चुनरी ओढाकर उनका अभिवादन कर चुनरी भेंट की। इसके बाद भजन गायक संजो बघेल ने अपनी टीम के साथ गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने भजन संध्या में अपनी कोकली आवाज का जादू बिखेरते हुए सुनाया कि जय हो, जय हो तुम्हारी सरकार आ गए तुमरी नगरिया में, आल्हा भजन, भोला नयी माने रे के अलावा राधा कृष्ण और माता रानी के भजनों की अनेकों प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। साथ ही श्रोता भी झूमने पर मजबूर हो गए और देर रात तक भजन संध्या में श्रोता झूमते रहे। अजब धाम में आयोजित भजन संध्या में समूचे जिले से बडी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए जारी है अभियान....

## पोषण पाखवाड़े अंतर्गत महिलाओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी दमोह तथा परियोजना अधिकारी शिव राय के मार्गदर्शन में हटा परियोजना के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़े की गतिविधियां निरंतर क्रियान्वित की जा रहीं हैं। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को स्नेह सेक्टर के रसीलपुर आंगनबाड़ी केन्द्र 27 पर पर्यवेक्षक चंद्रकांती बहोत्रा ने गर्भवती माताओं को टीकाकरण का महत्व समझाया एवं बच्चों को समय-समय पर और साढ़े तीन माह तक नियमित टीकाकरण करवाए गर्भवती माताएं भी टीकाकरण समय पर करवाए इसके अलावा अपनी चार जांच करवाएं और आयरन, फोलिक एसिड, एवं कैल्शियम की टेबलेट लेने से भी बच्चों को कुपोषण से मुक्ति मिलेगी। केंद्र पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन लेकर उनके ग्रोथ मॉनिटरिंग के बारे में समझाया गया। गर्भवती माता को बताया कि हमारे आसपास आसानी से मिलने वाली पोषण सामग्री मुनगा,बेर, कैथा, आम, पपीता, वेल महुआ, हरी सब्जियां लाल पीले फल, मोटे अनाज कोदो कुटकी मक्का, ज्वार बाजरा को खाने जरूर शामिल करे जो आयरन कैल्शियम फाइबर से भरपूर होता है जिससे माता और बच्चों को कुपोषित होने से बचाएगा।



पर्यवेक्षक द्वारा पोषण पखवाड़ा अंतर्गत चार प्रमुख थीम के बारे में बताया गया जैसे जीवन चक्र से प्रथम 1000 दिवस पर केंद्रित गतिविधियां कुपोषण प्रबंधक कुपोषण निवारण संगोष्ठी कार्यक्रम, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉडल को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार, बच्चों के मोटापा को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली पर आधारित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुराधा प्रजापति, कीर्ति अहिरवार, स्नेह लता तिवारी, एएनएम रीता अठया, सीएचओ हर्षित दुबे, आशा सुपरवाइजर सरिता पटेल, आशा कार्यकर्ता प्रियंका मिश्रा एवं गांव गर्भवती शिशुवती महिलाओं किशोरी बालिकाओं एवं बच्चों की उपस्थित रही।

## व्यवस्थित विद्यालय हेतु लीडरशिप का विकास जरूरी : डाइट प्राचार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

स्टार प्रोजेक्ट अंतर्गत जिले के समस्त प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों में लीडरशिप विकसित करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं संस्थान भोपाल द्वारा शाला प्रबंधन एवं नेतृत्व विकास पर आधारित प्रशिक्षण जिले के प्रधानाध्यापकों में लीडरशिप के कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय में आने वाली समस्याओं के निवारण करने की क्षमता विकसित करने के साथ शासकीय विद्यालयों को वर्तमान दौर में स्थापित करने की दृष्टि से आवश्यक बदलावों को स्वीकार कर समन्वय स्थापित करने हेतु सीखने सिखाने की प्रक्रिया सुदृढ़ करने प्रधानाध्यापकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में किया गया। जहां संस्थान के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहां कि किसी भी संस्थान की सफलता वहां के प्रधानाध्यापक प्रधान की लीडरशिप पर निर्भर करती है यदि विद्यालय का मुखिया सकारात्मक विचारों के साथ नवाचारों को बढ़ावा देता है। सभी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता व्यवस्थित करता है तो निश्चित रूप से वह विद्यालय अपनी एक पहचान स्थापित करता है हमारे बीच में जिले में अनेक विद्यालय बेहतरीन प्रबंधन का उदाहरण है इसलिए प्रत्येक प्रधानाध्यापक में लीडरशिप को विकसित करना होगा सहायक प्राध्यापक आर.पी. विश्वकर्मा ने विद्यालय संचालन में समुदाय की सहभागिता सुरक्षित करने की आवश्यकता से सभी प्रधानाध्यापकों को परिचित कराया संस्थान के प्रशिक्षण प्रभारीए.के. सिंह ने प्रशिक्षण के लिए तय किए गए सभी मॉड्यूल की उपयोगिता और आवश्यकता को स्पष्ट किया जिला शोध प्रभारी अरुण पटेल ने आधुनिक तकनीकी कौशल की आवश्यकताओं को स्पष्ट करते हुए विद्यालयों में इसके समायोजन की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की व्याख्याता विजय बहादुर सिंह ने आईसीटी आधारित शिक्षा प्रणाली को विद्यालयों में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप उन तक शैक्षिक सहयोग पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। ईसीसी प्रभारी उमा सोनकिया ने प्रधानाध्यापकों से कहा कि किसी भी विषय वस्तु में पूर्वाग्रह को छोड़कर वर्तमान परिस्थितियों पर विचार कर उनकी उपयोगी बातों को अपनाकर उन्नत शिक्षण कौशल विकसित करना आवश्यक है। प्रधानाध्यापकों को राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान सीमेंट भोपाल द्वारा निर्धारित 14 मॉड्यूल पर गतिविधि आधारित प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर रामस्वरूप चौरसिया, विजय आदर्श, माधव पटेल, दिनेश प्यासी, निरन सिंह,राजेश उपाध्याय,विमल पटेल द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग मनीष दीक्षित और शिरीष चौरसिया किया जा रहा है।

## जैन मिलन ने किये सेवा कार्य




**पटेरा।** भगवान महावीर जयंती के भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा के दौरान भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 के अंतर्गत जैन मिलन वरिष्ठ शाखा ने तीन स्थानों पर पंडाल लगाकर शोभा यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर भक्त जनों के लिए शीतल जल और पेय पदार्थ की व्यवस्था की गई । कार्यक्रम स्थल पर श्री संजय जैन डबुल्या के सौजन्य से जैन मिलन वरिष्ठ शाखा तथा युवा जैन संघ के पंडाल में लगभग 2000 भक्तगणों को सुगंधित शीतल पेय पिलाया गया । शोभायात्रा की वापसी पर मिलन के वरिष्ठ सदस्य वीर ललित सराफ नें अपनी दुकान के बाहर पंडाल लगाकर शोभा यात्रा के साथ चल रहे महिला, पुरुष और बच्चों को शीतल जल पिलाया ।उपरोक्त अवसर पर जैन मिलन वरिष्ठ शाखा के अध्यक्ष वीर संतोष जैन हीरापुर, मंत्री वीर एम. एल. जैन, कोषाध्यक्ष वीर मोदी संदीप सराफ सहित इंजी. वीर आर.के. जैन, वीर पदमचंद जैन खली ,वीर नेम कुमार सराफ ,वीर डॉक्टर एल.सी.जैन ,वीर पंडित अखिलेश जैन ,वीर के.पी.जैन, वीर ऋषभ जैन स्टेशन मास्टर ,वीर पारस कुमार जैन, वीर मोतीलाल गोयल, वीर सुनील जैन बीमा, वीर राजीव जैन, वीर के. सी. जैन कुंडलपुर, वीर राजकुमार जैन, वीर राकेश जैन, वीर यू.सी. जैन आदि ने स्वयं काउंटर पर लगातार खड़े रहकर अपनी सेवाएं दी मिलन सदस्यों ने श्रीजी की आरती उतार कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

खबर संक्षेप

## हास्य कवि सम्मेलन आज 12 अप्रेल को

**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित युवक क्रांति संगठन एवं जनपरिषद चैप्टर के तत्वाधान में आज 12 अप्रेल 2025 शनिवार को रात्रि 9.30 बजे से उमा मिस्त्री की तलैया (दमोह) में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इसमें देश के ख्यातिप्राप्त कविगणों में प्रमुखतः दिनेश देशी घी (शाजापुर), मनोहर मनोज(कटनी) अर्जुन अल्हड़ (राजस्थान) भूपेन्द्र राठौर (कोटा) अमित शुक्ला (रीवा) वीरेन्द्र विद्रोही (ललितपुर) सुमित्रा सरल (प्रतापगढ़) शाबिया असर (भोपाल) काव्या मिश्रा (मुम्बई) भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर नगर को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जावेगा। उक्त विज्ञप्ति संयोजक सुधीर विद्यार्थी मनोज जैन दिनेश प्यासी,सौरभ विद्यार्थी ने प्रसारित करते हुए बताया कि इस अवसर पर जनपरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व डी.जी.पी. एन.के.त्रिपाठी संयोजक रामजी श्रीवास्तव (भोपाल) सुनील जैन पूर्वविधायक एवं अंकलेश्वर दुबे अन्नी सागर) भी अतिथि के रूप में पधार रहे है आयोजकों ने सभी नगरवासियों को आमंत्रित किया है। सम्मेलन प्रारंभ होने के पूर्व 12 अप्रेल शनिवार को रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक जैन भक्ताम्बर पाठ का भी आयोजन उमा मिस्त्री की तलैया (दमोह) में होगा।

## ग्राम बगदरी, पिंडरई और दोनी में कर्क रेखा का चिन्हांकन

**दमोह।** जिले के ग्राम बगदरी, पिंडरई और दोनी में जहां कर्क रेखा का चिन्हांकन किया गया था वहां भारतीय सर्वेक्षण विभाग जबलपुर द्वारा बोर्ड लगाए गए हैं। इन बोर्ड में कर्क रेखा के बारे में जानकारी दी गई है, जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसमें बताया गया है कि कर्क रेखा क्या है, और किस प्रकार पृथ्वी पर परिवर्तित होती है। इन स्थानों से गुजरने वाले नागरिक और यात्री अब कर्क रेखा के बारे और जान सकेंगे। भविष्य में इन स्थानों पर व्यवस्थित सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने पर विचार किया जा रहा है।

### हनुमान जयंती पर आज मंदिरों में उमड़ेंगे श्रद्धालु

# आस्था के प्रमुख केंद्र है कुसमी के मढा व डूमर के पाताल भैरवी हनुमान मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

कुसमी के मढा व डूमर के पाताल भैरवी हनुमान मंदिर आस्था का अद्भुत संगम है, जहां हनुमान जी के जन्मोत्सव पर आस्था का मेला लगता है । यह पाताल भैरवी हनुमान मंदिर दमोह जिले जबेरा जनपद के ग्राम डूमर एवं कुसमी मानगढ़ ग्राम में मढ़ा मंदिर स्थित है, जो अपनी अद्वितीय वास्तुकला और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।





पंडित गोविंद तिवारी बताते हैं कि कुसमी मढ़ा मंदिर के अंदर दिव्य दक्षिण मुखी एवं पूर्व मुखी हनुमान जी प्रतिमाएं हैं, जिनके दर्शनों के लिए हर मंगलवार लोगों की भारी भीड़ रहती है। यह मंदिर 1981 में बनाया गया था, जब समाधिलीन संत ओंकारगिरी देवतरा वाले दादा ने पुरातन कालीन मठ का जीर्णोद्धार किया था। मंदिर में पुरातत्व महत्व की अनेकों प्रतिमाएं हैं, जो खंडहर मठ के जीर्णोद्धार के समय मंदिर के चाहुओर दीवारों पर स्थापित की गई हैं। इन प्रतिमाओं में पुरातन काल की अधिकांश प्रतिमाएं खंडित की गई हैं, लेकिन आज ब्रह्मा विष्णु महेश जैसी दुर्लभ कुछ प्रतिमाएं भी सुरक्षित हैं। यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जहां लोग अपनी आस्था और विश्वास के साथ आते हैं। समाधि लेने संत ओंकार गिरी देवता वाले दादाजी जी शून्य नदी के तट पर शेर की गुफा में देवतरा कुटी बनाकर 12 वर्ष तक निवासरत दो विशालकाय पहाड़ की गिर धारा में टपका धाम बनाया गया है। मंदिर को भले ही पर्यटन स्थल के रूप में पहचान नहीं मिली है, लेकिन क्षेत्र में मंदिर पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है, जहां लोग अपनी आस्था और विश्वास के साथ आते हैं। समाधिलीन संत के द्वारा मंदिर के आसपास क्षेत्र में दुर्लभ मनोरम स्थान हैं, जहां पर कुदरत और संत के प्रयासों से निर्मित शिल्प कला का अदभुत संगम है। एक पैर पाताल दूसरा पैर जमीन पर रखे अटल खडी. है हनुमान जी की प्रतिमा नोहटा डूमर मार्ग पर डूमर और बडगुवां तिराहा पर पाताल भैरवी हनुमत डोंगरी हैं। यह प्रतिमा अपनी अद्वितीय वास्तुकला और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। लोग बताते हैं कि पहले यहां पर सात मढा थे, देखरेख के अभाव में धीरे धीरे जमीनदोज हो गए और इन मढा की मूर्ति कला की प्रमिमाओं को मंदिर निर्माण के समय मंदिर के चाहुओर दीवारों पर स्थापित की गई है। इन प्रतिमाओं में पुरातन काल की अधिकांश प्रतिमा प्रतिमाओं के खंड काल में खंडित की गई है, लेकिन कुछ आज भी सुरक्षित हैं। इन प्रतिमाओं के संरक्षण और विकास के लिए पुरातत्व विभाग और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है, ताकि इन पुरातन धरोहरों को संरक्षित किया जा सके और पर्यटक स्थलों के रूप में अपनी पहचान विकसित की जा सके।

## दोनी ग्राम के पुरातन हनुमान जी के मंदिर में हनुमान जयंती पर हजारो की संख्या में पहुंचेंगे श्रद्धालु



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत के अंतर्गत नगर से लगभग 25 किलोमीटर दूर वनांचल मैं श्रीराम भक्त हनुमान जी की प्राचीन सिद्ध मूर्ति दौनी ग्राम मै विराजमान है जहां पर प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को धर्म प्रेमी बंधु पहुंचते हैं लेकिन शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर हजारों लोग इस सिद्ध स्थान पर पहुचेगे। यह प्राचीन स्थान है जहाँ पर वन्य प्राणी भी विचरण करते हैं 2 वर्ष पहले सिद्ध स्थान के ठीक सामने रामनवमी को भगवान श्रीराम, माताजानकी, लक्ष्मण, हनुमान की मूर्ति की स्थापना भव्य मंदिर मैं की गई है। राम भक्त हनुमान जी के दर्षन कर हर भक्त अपनी मनो कामना पूर्ण करता है। ग्राम पंचायत पाठादो के ग्राम दोनों में स्थित प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित है यहां पर विराजमान हनुमान जी की प्रतिमा बड़ी चमत्कारिक सिद्ध प्रतिमा है जिनके दर्शनों के लिए दमोह, तेंदूखेड़ा, रहली, देवरी, महाराजपुर नरसिंहपुर ,जबलपुर ,पाटन ,सिग्रामपुर जबेरा ,कटंगी सहित भारी संख्या में भक्त प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पहुचंते है। यहा कि बावडी में 12 मास रहता पानी और जिसका जल कभी खाली नहीं होता है और 16 साल से इस स्थान पर रहकर सेवा करने वाले सेवादार मोहन एवं कोमल प्रसाद गोटिया का कहना है कि हनुमान जी के पास जो अति प्राचीन बावड़ी है इसमें सभी तीर्थ क्षेत्रों का जल समाहित है साथ ही इस क्षेत्र के लिए भीषण गर्मी के दिनों में यह बावडी प्राणदायिनी बनी रहती है। इसके अलावा पवनसुत के पैरों के छोर तक नहीं कोई नहीं पहुंचा है। बताते हैं कि सिद्ध हनुमान मठ में हनुमान जी की प्रतिमा के पैर को सैकड़ो फुट तक खोदे जाने के बाद भी उनके पैरों के छोर तक नहीं पहुंचा जा सका। इस प्रतिमा को भी खण्डित करने का प्रयास किया था लेकिन प्रयास विफल रहा इस सिद्ध प्रतिमा की प्राचीनता का कोई स्पष्ट अनुमान नहीं है अनंतकाल से ही श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। यहा पर अखंड ज्योति लगभग 18 वर्ष से प्रज्वलित है। कमल नारायण यादव ने बताया कि इस मंदिर में पहुंचने पर मन को अटूट शांति प्राप्त होती है। हनुमान जी की मूर्ति मंदिर के अंदर महुआ के पेड़ के नीचे विराजमान है जब तक मंदिर का निर्माण नहीं हुआ था तब तक यह मूर्ति खुले में महुआ के पेड़ के नीचे विराजमान थी अब उसी जगह पर मंदिर बना दिया है। महुआ के पेड़ को भी हटाया नहीं गया है और गुंबद से एक आकार देकर उस पेड़ को ऊपर निकाला गया है। यहां पर पुरातत्व मूर्तियां कलचुरी कालीन पाषाण प्रतिमाएं हैं, कुछ मूर्तियां रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर, दमयंती संग्रहालय दमोह व प्राचीन मूर्तियां रानी दुर्गावती प्रतिमा सिंग्रामपुर के पास भी संग्रहित की गई हैं इसके अलावा बहुत सी मूर्तियां अभी भी हनुमान मठ के समीप स्थापित है। दौनी में स्थित हनुमान स्थल के आसपास पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन व चारों ओर वाऊंड्रीवाल बनवाकर सुरक्षित किया गया है। लगभग 4 एकड़ यह स्थान फैला हुआ है। दौनी में हनुमान जयंती की तैयारी जोरों से चल रही हैं 12 अप्रैल को सैलवाड़ा से दौनी तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तदुपरांत विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# ड्रिंक एण्ड ड्राईव प्रकरण में 30 हजार का जुर्माना

**दमोह।** ड्रिंक एण्ड ड्राईव के 03 प्रकरणो में वाहन चालको पर माननीय न्यायालय द्वारा 30,000/- रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इधर यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 33 वाहन चालकों से 12,200/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया है। एसपी श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में तथा एएसपी श्री संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में, यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक दलवीर सिंह मार्को द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके चलते ड्रिंक एण्ड ड्राईव के तहत 09 अप्रैल 2025 को ट्रक क्रमांक UP95T9777 एवं आईसर क्रमांक MP13GB4154 तथा 10 अप्रैल 2025 को ट्राला क्रमांक CG04 MD4700 को जप्त किया गया था। जिसे 11 अप्रैल 2025 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर प्रत्येक वाहन चालको पर दस दस हजार रुपये का जुर्माना 03 वाहनो पर कुल तीस हजार रुपये का लगाया गया। साथ ही मारुताल एवं मुक्तिधाम बाईपास पर वाहन चैकिंग लगा कर यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 33 वाहन चालको से 12,200/- रुपये समन शुल्क वसूला गया।

## असामायिक मरीजों की मौतों की सूक्ष्म जांच की जाये- रतनचंद जैन



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेसजजनों ने महामहिम राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपते हुए स्वास्थ्य के नाम पर मरीजो की जान लिये जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि जिले एवं नगर में अभी भी कई ऐसे निजी क्लीनिक है जिसमें झोला छाप डाक्टर्स मरीजो का इलाज कर रहे है किन्तु जिले के स्वास्थ्य प्रशासन के अलग अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से उन डाक्टर्स की डिग्रियों की जांच नही की जा रही है उनका कहना है कि भाजपा सरकार के सी.एम. एवं उनके मंत्री मिशन अस्पताल आकर जरूर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाये। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि फ्रूड आयल दाम गिरने के बाद भी पेट्रोल डीजल के दाम कम नहीं किये जा रहे पुनः रसोई गैस सिलेन्डर के दाम 50 रूपये बढ़ा दिये गये। रजनी ठाकुर, नितिन मिश्रा, वीरेन्द्र राजपूत, सुषमा विक्रम ठाकुर, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, कमला निषाद, तिलक सींग, पप्पू कसोटया, राव लाखन सिंह, अरविन्द अवस्थी, अजय जाटव, सदीप बरदिया, अमित नामदेव ने भी कहा कि मोहन सरकार जो कि दिल्ली से संचालित है उनके विधायक मंत्री भ्रष्ट्राचार में इस कदर लिप्त है कि स्वास्थ्य के नाम पर जिला अस्पताल एवं निजी अस्पतालो में असामाजिय अनेक मौते हो चुकी है किन्तु इन मौतो के जिम्मेदार किसी भी प्रकार की कड़ी कार्यवाही न करना भष्ट्राचारियो को बढावा देना है इस अवसर पर पार्षद शैलेन्द्र ठाकुर,मदन सुमन खिल्लू ठाकुर, हेमराज अहिरवार, पप्पू कुशवाहा, बलीराम कुशवाहा सत्येन्द्र राजपूत, बाबू चौहान सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## नगर पालिका कर्मचारियों का बाजिब मांगो का जिला कांग्रेस ने किया समर्थन

**दमोह।** नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा पूर्व में की गई अपनी हड़ताल बाजिब मांग लेकर की गई थी और जिला प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा मौखिक आश्वासन के बाद वह हडताले स्थगित कर पुनः काम पर लौट आये थे किन्तु उसके बाद भी उन कर्मचारियों की किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया। नगर पालिका कर्मचारियों का कहना है कि महाराणा प्रताप स्कूल जबरन नगरपालिका से संचालित किया जा रहा है। उसे शिक्षा विभाग के अधीन कर देना चाहिये। नगर पालिका के सामने धरना दे रहे कर्मचारियों को जिला कांग्रेस पार्टी ने धरना स्थल पहुँचकर उनकी मागो को जायज बताते हुए अपना समर्थन दिया। जिला कांग्रेस कमेटी रतनचंद जैन ने कहा कि संबंधित अधिकारी कर्मचारियो की सुध ही नही लेना चाहते केवल सोशल मीडिया पर अपने आप को सक्रिय बताकर कर्मचारियों को उनके काम का मेहनताना न देते हुए उन्हे मानसिक प्रताडना दी जा रही है। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि सी.एम.ओ. द्वारा कर्मचारियों को धमकी देकर काम करवाना दुर्भाग्य पूर्व है, सफाई सभापति पप्पू कसोटया ने कहा कि नगर पालिका एक विशेष कर्मचारी के द्वारा संचालित की जा रही है रजनी ठाकुर, तिलक सींग, कमला निषाद, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, पार्षद, अफजल खान, शैलेन्द्र सिह हेमराज ने कहा कि आज इस हड़ताल को दोनो दलो के पार्षदो का सर्मथन है नगर पालिका चुनाव हुए दो बर्ष से उपर हो गये और सब का कहना है कि जब पार्षदो के ही काम नहीं हा रहे तो आम जनता के क्या होगे उपर से सी.एम.ओ. द्वारा संविदा कर्मचारियों की जबरन छटनी की जा रही है जो नाजायज है।

## पटवारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** मप्र राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ तहसील शाखा दमोह एवं दमयंती नगर द्वारा एक ज्ञापन एसडीएम महोदय दमोह को सौंपा गया उक्त जानकारी देते हुए विवके सिंह लोधी ने बताया कि तहसील के पटवारियो को स्वामित्व योजना में मिलने वाला मानदेय कार्य पूर्ण होने के उपरांत भी पिछले 1 वर्ष मे माननी कलेक्टर महोदय एवं राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों को समय समय पर लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराने। उपरांत भी आज दिनांक तक अप्राप्त है। तहसील के पटवारियों का नियमित मासिक वेतन लगभग 1 वर्ष से समय से प्राप्म नहीं हो रहा है, नियत तिथि पर कभी प्राप्तनहीं होता है कभी



10 दिन के बाद तो कभी एकमाह में कभी कभार दो-दो माह तक वेतन प्राप्त नहीं हो रहा है। वर्तमान में राशन ईकवाईसी करने हेतु पटवारियों की ब्यूटी लगाई गई है जबकि पटवारी के पास सीमांकन, कृषि संगण फार्मर आईडी, मीएम हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण विभागीय कार्य चल रहे हैं तथा पिछले एक वर्ष से राजस्व विभाग विभिन्न अभियान एवं विभिन्न योजनाओं में पटवारी से दिन-रात कार्य लिया जा रहा है उक्त कार्यों में पंचायत विभाग कृ विभाग एवं अन्य विभागों का आदेश होने के उपरांत भी कोई सहयोग नहीं किया गया है अन्य विभागों के कार्य एवं लॉ एं ऑर्डर, मंदिर, मस्जिद, तर्पण में तालाब घाटों में विभिन्न मेला, जुलूसों, शोभायात्राओं में पटवारी दिन-रात कार्यकर्ता है त विभागीय कार्य पिछड़ने पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा डांट भी खाता है एवं दंडित भी होता है। उक्त समस्याओं के चलते हम तहसील के समस्त पटवारी अत्यधिक मानसिक प्रताड़ति, दुखी एवं हताश हैं अ निवेदन करते हैं कि हम समस्त पटवारी राशन की केवाईसी का कार्य करने में असमर्थ है तथा जब तक स्वामित्व योजना की प्राप्त नहीं होती पंचायत विभाग का कोई भी कार्य नहीं करेंगे अगर इसके बाद भी दबाव देकर कार्य करवाया जाता है तो मृ पदीय कार्यों जैसे सीमांकन, स्वामित्व, सीएम हेल्पलाइन, कृषि संगणना एवं अन्य कार्य इस दौरान नहीं कर पाएंगे।साथ। निवेदन है कि यदि समय पर वेतन नहीं दिया जाता है तो आगामी माह से वेतन न मिलने तक कार्य नहीं करेंगे पटवारी के से संबंधी कार्यों में विलंब एवं लंबित कार्य के लिए संबंधित बाबू एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी सारी तय की जानी चाहिए। आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया।

# मिशन अस्पताल की कैथ लैब सील

**दमोह।** मिशन अस्पताल में सात मौतों के मामले में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम ने अस्पताल की कैथ लैब को सील कर दिया है. बताया जा रहा है यह वही लैब है जहां फर्जी डॉक्टर द्वारा मरीजों की हार्ट सर्जरी की जाती थी तथा इससे सात मरीजों की जान चली गई थी। इस लैब में स्थित मशीनों की कीमत करीब 7 करोड रुपए बताई जा रही है। लैब की सील हो जाने से इसका टेंपरेचर मेंटेनेंस नहीं होने पर 7 करोड़ की मशीन के खराब होने की आशंका भी अब अस्पताल प्रबंधन द्वारा जताई जा रही है।गुरुवार शाम स्वास्थ्य विभाग की टीम मिशन अस्पताल पहुंची जहां के द्वारा कैथकैब को सील करने की कार्रवाई की गई। टीम में डॉ विक्रांत चौहान,डॉ राजेश नामदेव, प्रशांत सोनी, प्रहलाद पटेल, सीएमएचओ आफिस से दीपक जैन और नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, कोतवाली से सब इंस्पेक्टर सियाराम, महेंद्र, राघवेंद्र, मनोज पाण्डेय आदि शामिल रहे। टीम के द्वारा ब्लड बैंक और डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण किया। उसके बाद कैथ लैब की जांच करने पहुंचे। कैथ लैब को डॉक्टर विक्रांत चौहान, डॉ राजेश नामदेव और नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी के हस्ताक्षर से सील किया गया है। डॉ प्रहलाद पटेल और डॉ प्रशांत सोनी ने मिशन अस्पताल की ब्लड बैंक का निरीक्षण किया है। इस दौरान ब्लड बैंक प्रभारी डॉ पीसी स्वर्णकार नहीं मिले। वहीं कैथ लैब सील होने पर मिशन अस्पताल की प्रबंधक पुष्पा खरे का कहना है कि लैब को सील कर देने से टेंपरेचर मेंटेन नहीं होगा, तो करीब 7 करोड़ कीमत की मशीन खराब हो सकती है.बता दें जिस कैथ लैब को सील किया है यह वही लैब है जहां आरोपी डॉक्टर ने मरीजों की हार्ट सर्जरी की थी। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मिशन अस्पताल पर पहली कार्रबवाई की शुरुआत हो गई है। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस टीम अब उन स्थानों पर रवाना हो रही है, जहां से आरोपी ने अपनी डाक्टरी की डिग्री करना बताया है।

## जीव रक्षा के लिए गौ शाला खोलना पुन्य कार्य - मुनिश्री

**पथरिया।** पशुओं जीव रक्षा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है एक सुमेरु पर्वत को स्वर्ण का बनाने से फल बड़ा एक जीव की रक्षा करने से मिलता है। जीव दया करने से मानव जीवन में पुण्य बढ़ते हुए कष्टों का सहहार होता है। जीव दया बिना आत्मा का कल्याण नहीं होता है ।यह संसार की सबसे बड़ी सेवा होती है। मुक प्राणी पशु पक्षियों के लिए दाने भूंसा चारे की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य परमार्थ का कार्य है । मुनिश्री निरीहसागर ने आचार्य श्री को हायकू को समझाते हुए कहा कि एक से नहीं एकता से काम लो,चाहे काम कम हो। अर्थात किसी भी कार्य एक व्यक्ति के वल पर नहीं होता वहा समाज की एकता जरूरी है।यह श्रद्धान की बात है। मुनिश्री ने कहा कि आज आचार्यश्री द्वारा संचालित 170 गों शाला है, जहां उनकी खाने इलाज की व्यवस्था है रही है। निर्यापक मुनिश्री ने कहा कि हमारा देश कई धर्मों का देश है लेकिन सच्चा धर्म वही है जो जीवों पर दया करता है। जैन धर्म हमेशा जीवों पर दया करने की बात करता है। इसके साथ हीय जैन धर्म इसका पालन भी करता है। जीव हत्या मानव संस्कृति के खिलाफ है। निर्यापक मुनिश्री को शास्त्र भेंट करने वालो में पुन्यआर्जक राजेश,आलोक चौधरी परिवार,संजय कुबेर,पदम मलैया, पवन सिंघई, रवि बांसा, आदि लोग उपस्थित रहे।

## झोलाछाप पर टीम ने की कार्यवाही



**पटेरा ।** पटेरा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिकायत मिलने पर बीएमओ के नेतृत्व में झोलाछाप फर्जी चिकित्सक के विरूद्ध कार्यवाही की गई। ब्लॉक स्तरीय समिति द्वारा संकटमोचन मंदिर के पास, बस स्टेण्ड पटेरा स्थित जीवन ज्योति क्लीनिक पर छापामार कार्यवाही की गई। उपरोक्त निरीक्षण उपरांत लीलाधर चौधरी पिता नन्हेभाई चौधरी क्लीनिक पर पाया गया। परंतु कोई भी मरीज क्लीनिक पर नहीं पाया गया। संबंधित लीलाधर चौधरी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच की गई, उपरोक्त दस्तावेज फर्जी पाए गए। अन्य किसी भी प्रकार का मेडिकल औजार, सामग्री अथवा दवाईयां नहीं पाई गई। प्रतिवेदन बनाकर उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। कार्यवाही करने वाली टीम में बीएमओ अशोक बरोनिया, नायब तहसीलदार राजेश सोनी, पुलिस विभाग से सहायक उपनिरीक्षक की मौजूदगी रही। बीएमओ डा बरोनिया ने कहा कि शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

## एक्सीलेंस स्कूल में बनेगा सरस्वती जी का मंदिर



**पटेरा।** नगर के एक्सीलेंस स्कूल में विद्या की देवी मां सरस्वती जी का भव्य मंदिर निर्माण होना है इसके लिये भूमि पूजन कार्यक्रम पं दीपक उपाध्याय के निर्देशन में विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अन्य अतिथियों में पत्रकार नरेन्द्र बजाज, मुन्ना अवधिया, सेवा निवृत्त शिक्षक प्रकाश गुप्ता, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे, विवेक नेमा प्राचार्य उपस्थित थे। प्राचार्य जे एस अहिरवार शिक्षक कमलेश शर्मा, अभिषेक ताम्रकार लक्ष्मण विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत किया। मंदिर विद्यालय परिवार तैयार करायेगा व प्रतिमा की व्यवस्था समाज सेवी डॉ सत्यम सिंह राजपूत करेंगे। संचालन विनय जैन ने किया व आभार कमलेश शर्मा ने माना।

## कोमल सिंह दिवंगत

**पटेरा।** समीपी ग्राम चौपरा पिपरिया निवासी कोमल सिंह राजपूत का 87 वर्ष की अवस्था में अल्प बीमारी के पश्चात आकस्मिक निधन हो गया। सभी वर्ग के नागरिकों ने अंतिम संस्कार में भाग लेकर शोक संवदेना प्रकट की। वे अपने पीछे जाहर सिंह सहित चार पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड गये है।

## भगवान श्री राम और शबरी की कथा: भक्ति और प्रेम का प्रतीक

**बनवार।** भगवान श्रीराम और भक्त भीलिनी सबरी की कथा जनमानस के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जैसा कि पंडित ऋषिकांत गर्ग ने फूलन देवी हिनौती में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के आठवें दिन कहा। इस कथा में भगवान श्रीराम और भक्त शबरी के बीच के प्रेम और भक्ति की कहानी बताई गई है। शबरी ने मतंग ऋषि की सेवा करके भगवान श्रीराम के दर्शन पाने के लिए कई वर्ष बिता दिए। जब भगवान श्रीराम माता सीता की खोज में शबरी की कुटिया पहुंचे, तो शबरी भाव विभोर हो गईं और उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। शबरी ने भगवान श्रीराम को स्वयं चखकर सिर्फ मीठे बेर खिलाए, जिसे भगवान राम ने भी भक्ति के वश होकर प्रेम से खाए। शबरी की भक्ति ने यह साबित किया कि भक्ति का मार्ग किसी भौतिक उपलब्धि से नहीं बल्कि सच्चे हृदय से होता है। उनकी भक्ति का मुख्य संदेश यही है कि भगवान को प्राप्त करने के लिए साधन या सामाजिक स्थिति मायने नहीं रखती, बल्कि ईश्वर के प्रति प्रेम और विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है। भगवान श्रीराम ने शबरी के उदाहरण से यह सिखाया कि भक्ति, प्रेम और समर्पण से भगवान तक सीधे पहुंचा जा सकता है। शबरी के प्रेम और त्याग की कथा सभी भक्तों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह हमें सिखाती है कि जीवन में ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास और भक्ति ही सबसे बड़ा साधन है और यही मोक्ष का मार्ग है।

## ब्लॉक टास्क फोर्स की मीटिंग संपन्न



**दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में एसडीएम महोदय की अध्यक्षता में बी.टी.एफ.की बैठक का आयोजन किया गया इसमें अंतर विभागीय अधिकारी उपस्थित हुए। बी टीएफ के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक बरौनिया के निर्देशन में बी.पी.एम.अनिल कटारिया द्वारा एजेंडा में दिए गए बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें मातृ स्वास्थ्य ए निमिया मुक्त भारत टीकाकरण कार्यक्रम आयुष्मान कार्ड, एन.सी.डी. के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। तदुपरांत बीई. ई. प्रमोद तंतुवाय द्वारा मिशन परिवार पखवाड़ा 11 अप्रैल से 25 अप्रैल तकचलाये जा रहे अभियान में परिवार नियोजन के अस्थाई एवं स्थाई साधनों के प्रचार प्रसार के बारे में जानकारी दी गई। विशेष कर पुरुष नसबंदी के महत्वके बारे समझाते हुए सहयोग की अपेक्षा की गई महामारी नियंत्रण हेतु विकासखंड एवं सेक्टर स्तर पर कॉम्बेट टीम का गठन किया गया। इसी दौरान एन. आर. सी. में बच्चों की संख्या लक्ष्य के अनुसार कम बच्चे होने पर एस.डी.एम महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं महिला बाल विकास से शीघ्र क्षेत्र से कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने हेतु आदेशित किया गया मीटिंग के अवसर पर राजेश सोनी तहसीलदार महोदय, रामसरण मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुकेश गूजरे बी ई ओ , ब्रजेश सेन बीआरसी, तरुण तंतुवाय राजस्व निरीक्षक नगर परिषद , महिला बाल विकास से श्रीमती गीता अहिरवार, मुकेश तंतुवाय सी सी एच की उपस्थिति रहीं।

## मडियादो पंचायत का किया निरीक्षण



**मडियादो।** नवागत सीईओ जनपद पंचायत हटा संजीव कुमार गोस्वामी द्वारा पंचायत इंस्पेक्टर राजेश पाराशर और उपयंत्री दीपक जारोलिया के साथ मडियादो पंचायत का देर शाम निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा पंचायत भवन में पीएम आवास, ओर मनरेगा की मजदूरी का समीक्षा की। इसके बाद अधिकारियों द्वारा पंचायत द्वारा निजी बोर में डाली गई पंचायत की मोटर पंप की शिकायत की जांच की गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जल स्तर कम होने के चलते नल जल योजना बंद हो चुकी है। पेयजल समस्या का सामना 500 से अधिक परिवार कर रहे है। वैकल्पिल व्यवस्था के लिए ग्रामीणों के कहने पर निजी बोर में मोटर पंप डाली गई थी । निजी बोर से 50 से अधिक परिवार पानी भर रहे है। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की बात सुनकर पंचायत का निर्णय उचित बताया गया।